एक नजर में

## हर्ष एवं उल्लास से मनाई नर्मदा जयंती





बाकानेर-नर्मदा जयंती के अवसर पर आज सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा चल समारोह निकाला गया स्थानीय गणेश मंदिर से प्रारंभ होकर शंकर मंदिर में मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर महाप्रसाद का वितरण किया गया पश्चात बालीपुर बाबा आश्रम पर संगीतमय आरती और नर्मदा अष्टक का पाठ हुआ। आरती पश्चात सभी समाजजन श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचे जहां सभी समाजजन का सहभोज का आयोजन रखा गया था। समाज की महिला मंडल द्वारा ड्रेस कोड में साड़ी पहनी गई वहीं पुरुष धोती कुर्ते में चल समारोह में शामिल हुए। भगवान श्री परशुराम और मां नर्मदा की वेशभूषा में बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे।चल समारोह में सर्व ब्राह्मण समाज के महिलाएं पुरुष एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे

## गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालय पर कलेक्टर मिश्रा करेंगे ध्वजारोहण





धार, 25 जनवरी 2026/ जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिला मुख्यालय पर स्थित किला मैदान में आयोजित मुख्य समारोह कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा प्रात- 08.58 पर मुख्य अतिथि का आगमन, प्रात: 09.00 से 9.02 पर ध्वजारोहण व राष्ट्रगान, प्रात: 09.02 से 09.09 मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, प्रात: 09.09 से 9.21 परेड द्वारा हर्ष फायर, राष्ट्रगान व परेड द्वारा मार्च पास्ट, प्रात: 09.21 से 09.25 परेड कमाण्डरों से मुख्य अतिथि का परिचय, प्रात: 09.25 से 09.55 मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन, प्रात: 09.55 से 10.35 सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रात: 10.35 से 11.15 झांकियों का प्रदर्शन तथा प्रात: 11.15 से 11.30 पुरस्कार वितरण एवं समापन किया जाएगा। कृपया निर्धारित समय से 15 मिनिट पूर्व स्थान ग्रहण करें। भारत पर्व का सांस्कृतिक आयोजन पी. जी. कॉलेज धार में संध्या 6.00 बजे से होगा। जिसमें कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

## अपर कलेक्टर द्वारा गणतंत्र दिवस के पूर्व तैयारियों की रिहर्सल

धार 25 जनवरी 2026/ अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पाण्डेय द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारियों की आज जिला मुख्यालय स्थित किला मैदान में गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाली परेड की एक दिन पूर्व रिहर्सल कर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का अवलोकन किया।साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यापक व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए। गणतंत्र दिवस पर किला मैदान में आयोजित समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रदर्शित की जावेगी। इस दौरान संबंधित अधिकारीगण व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाराजा भोज स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सायं को भारत पर्व का आयोजन होगा। जिसमें सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा अपनी कला की प्रस्तुति दी जाएगी।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर卐मेरा युवा भारत卐 द्वारा सन्डे ऑन साइकल रैली का आयोजन



धार, 25 जनवरी 2026/ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित 卐मेरा युवा भारत卐 धार एवं भारतीय खेल प्राधिकरण साई के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार को मतदाता जागरूकता हेतु सन्डे ऑन साइकल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली साई सेंटर जैतपुरा से प्रारंभ होकर घो?ा चौपाटी से होते हुए साई सेंटर में समापन हुआ। माय भारत जिला युवा अधिकारी दीर्घा राजावत ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना की स्मृति में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला राष्ट्रीय मतदाता दिवस, युवाओं और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं पर विशेष ध्यान देते हुए, जागरुक, नैतिक और सहभागी चुनावी भागीदारी को ब?ावा देने का लक्ष्य रखता है। प्रधानमंत्री के राष्ट्रनिर्माण में जन भागीदारी के विजन के अनुरूप, यह पहल युवा नागरिकों को भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के केंद्र में रखने का प्रयास करती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरआई पुलिस विभाग श्रीपुरुषोत्तम विश्नोई द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी गई एवं हरी झंडी देकर रैली को रवाना किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं का फूल माला एवं बैज लगाकर सम्मान किया गया।एन एस एस जिला संगठक श्रीमान केसर सिंह चौहान द्वारा मंच संचालन करते हुए सभी को लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के महत्व को बताया। सभी प्रतिभागियों द्वारा माय भारत माय वोट का नारा दिया गया। कार्यक्रम में कोच ओम प्रकाश, विकास कुमार, वॉलंटियर अमित एवं सुमित उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

धार 25 जनवरी 2026।* जिला कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री सुभाष जैन के मार्गदर्शन में एकीकृत शासकीय हाई स्कूल तलवाड़ा, पीएम राइस हाई सेकेंडरी स्कूल बगड़ी एवं कस्तूरबा गांधी छात्रावास ज्ञानपुर धार में 22 जनवरी 2026 से 24 जनवरी 2026 तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। तलवाड़ा विद्यालय की छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक अनपढ़ बहु का मंचन किया गया एवं बालिकाओं को खेल खिलाए गए एवं बाल विवाह के बारे में जागरुक कर बाल विवाह की शपथ दिलवाई गई। इसी के साथ ही पी.एम.राइस हाई सेकेंडरी स्कूल में बालिकाओं द्वारा अपने स्कूल परिसर में बनाई गई लाइब्रेरी पोषण वाटिका एवं किचन गार्डन की जानकारी देने के साथ ही एक बालिका को उसके साहस के लिए पुरस्कृत किया गया।

# धार जिले के 18 मंडलों के 821 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

▶ नरेंद्र मोदी जी के विचार हर एक व्यक्ति के विकास की दिशा से जोड़ने के लिए हम सबको प्रेरित करते है -जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती

**धार । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी संगठनत्मक कार्यक्रम के निमित्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी रविवार, 25 जनवरी 2026 को जन-संवाद कार्यक्रम %मन की बात% का 130वां एपिसोड के माध्यम से लाइव प्रसारण हुए। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती धार विधायक श्रीमती नीना वर्मा जिला पदाधिकारी व भाजपा वरिष्ठ नेता सहित जिले के 18 मंडलों के 821 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी की मन की बात कार्यक्रम को देखा और सुना।**







भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने दिग्ठान मंडल के ग्राम पिपल्या में तथा धार विधायक श्रीमती नीना वर्मा ने धार नगर के बुथ नंबर 78 और 124 पर पहुंचकर %मन की बात% कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ शरद विजयवर्गीय जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ममता जोशी जिला उपाध्यक्ष राखी राय भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा मनीष प्रधान पार्षद अजित जैन मंडल अध्यक्ष जयराज देव?ा मंडल महामंत्री सिमा सोनी अनुसुईया वैष्णव मीना दुबे बुथ अध्यक्ष सुभम त्रिवेदी मौजूद रहें।

निलेश भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने %मन की बात% कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों से संवाद किया है जिससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए उनके विचार ही विकसित और समृद्ध भारत के साथ-साथ युवाओं महिलाओं गरीब मजदूर किसानों एवं समाज के अंतिम छोर तक के व्यक्ति के विकास की दिशा से जोड़ने के लिए हम सबको प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि' मन की बात' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रेरणा का स्त्रोत है, जो हर बार हमें नई ऊर्जा के साथ राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को निभाने की प्रेरणा देता है। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया

**बाग, (निप्र)** जिला निर्वाचन अधिकारी धार के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय बाग में 16 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर स्वीप के अंतर्गत विविध गतिविधियां आयोजित कर मतदाता दिवस उत्साह से मनाया गया। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. महेंद्र माटे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर %मेरा भारत मेरा वोट% इस थीम पर विविध गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें रैली, हयूमनचैन, निबंध लेखन, मिनी मैराथन, प्रश्न मंच आदि का आयोजन कर विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। स्वीप का उद्देश्य मतदाता को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सखाराम भूरिया ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों कर्मचारियों को मतदाता की शपथ दिलाई। विभिन्न गतिविधियों को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. महेंद्र रणदा, डॉ. राकेशकुमार मालवीय डॉ. अंजली जोशी, प्रो. पूनम, डॉ.सिकदार सिंह कन्नौज, सद्दाम पटेल, कर्मचारी मेकसिंह डावर आदि का सहयोग रहा।




## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बीएलओ लक्ष्मी नारायण पाटीदार का सम्मान

**सरदारपुर** .दसई 7 25 जनवरी 2026 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए मतदान केंद्र क्रमांक 90 ङ्क दसई, विधानसभा क्षेत्र 196 ङ्क सरदारपुर के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) श्री लक्ष्मीनारायण पाटीदार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

यह सम्मान फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य करने के लिए दिया गया। श्री पाटीदार वर्तमान में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दसई में पदस्थ हैं।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला धार (मध्यप्रदेश) द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।निर्वाचन विभाग द्वारा श्री पाटीदार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा गया कि उनके प्रयासों से मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाती है।






## जिला स्तरीय ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित

**धार 25 जनवरी 2026/ भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2026 को मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया।**

जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय स्थित सभागार में 卐मेरा भारत मेरा वोट भारतीय लोकतंत्र की धड़कन भारतीय नागरिक卐 थीम पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा के आतिथ्य में आयोजित हुआ।

जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित और मल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का वर्चुअल संदेश सुना गया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने शपथ दिलाई कि 卐हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रभोलन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे卐।




जिला स्तरीय ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस卐 कार्यक्रम में कलेक्टर श्री मिश्रा ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के बीएलओ को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र दिए। साथ ही नए युवा मतदाताओं को ईपिक कार्ड प्रदान किए। इसके अलावा महाविद्यालय स्तर की निबंध प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिये गये।

## प्रदेश में आज जनता असुरक्षित है जनता को शुध्द पेयजल तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है : उमंग सिंघार

**धार/गंधवानी। अपने जन्मदिन पर उपस्थित हजारों समर्थकों को सम्बोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में आज जनता असुरक्ष्चित है जनता को शुध्द पेयजल तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है आज जानता को उनका मौलिक अधिकार भी नहीं मिल पा रहा हैं भाजपा की प्रदेश सरकार विकास के खोखले दावे कर रही है।**

नेता प्रतिपक्ष गंधवानी विधायक उमंग सिंघार का जन्मदिन बसंत पंचमी 23 जनवरी शुक्रवार को गंधवानी में मनाया गया।इस अवसर पर हजारों की संख्या में उनके समर्थकों के साथ ही प्रदेशभर से कांग्रेस नेताओं ने आयोजन में पहुँचकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को बधाई और शुभकामनाएं दी।

सरदारपुर से निकल कर गंधवानी पहुँचे उमंग सिंघार का पूरे रास्तेभर समर्थकों ने पुष्प मालाओं से स्वागत किया।गंधवानी में आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में आदिवासी लोकगायकों के साथ ही आदिवासी नृत्यदल ने भी आयोजन को भव्य बनाया।इस अवसर पर उमंग सिंघार को बधाई देने वालो में महिलाओं के साथ युवाओं में खासा उत्साह रहा।आदिवासी नेताओ के साथ ही गंधवानी विधानसभा से ही कोई 500 से अधिक वाहनों के साथ जिले की अन्य विधानसभा मनावर,सरदारपुर,कुक्षी, धरमपुरी,बदनावर ओर धार से भी नेतागण श्री सिंघार को जन्मदिन की बधाई देने पहुँचे थे।



प्रदेश की राजधानी सहित अन्य जिलों से भी पहुँचे नेतागण- धार जिले से विधायकगण भवर सिह शेखावत,प्रताप ग्रेवाल, डॉ हीरालाल अलावा,ब?वानी जिले से राजेन्द्र मंडलोई,मोंटू सोलंकी,जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी,पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल किशोर पाटीदार,पंडित धीरज दिक्षित,किसान कांग्रेस अध्यक्ष राजेश पवार नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि अजय सिंह ठाकुर अलीराजपुर जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराज सिह पटेल,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण,महिला कांग्रेस युवक कांग्रेस अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

### पूजा सोलंकी को दिया लेपटॉप अपना वादा पूरा किया।

अपने जन्मदिन पर अपना वादा पूरा करते हुए गंधवानी विधायक उमंग सिंघार ने कक्षा 10 वी की छात्रा पूजा सोलंकी को 91 प्रतिशत अंक लाने पर अपनी ओर से जन्मदिन के मंच से लैपटॉप देकर उसके उज्वल भविष्य की कामना की। इसी के साथ धार के पीपलखे?ा स्थित अनाथ आश्रम में भोजन शाला निर्माण के लिए दो लाख रुपये दिए साथ ही वहाँ के छात्रों के लिए कक्षा नर्सरी से 5वीं तक के बच्चों को संपूर्ण शिक्षण सामग्री। बच्चों को निशुल्क ऑनलाइन कोचिंग क्लास की सुविधा इस दिवाली प्रत्येक बच्चे के लिए दो- दो ड्रेस, और पटाखे मिठाइयां भी दी जाएगी।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को भोपाल,नर्मदापुरम,जबलपुर,अलीराज पुर, झाबुआ,इंदौर,आस्था, सीहोर,मंदसौर,नीमच,सहित अन्य जिलों से भी ब?ी संख्या में पहुँचे थे।

बलवारी हनुमानजी ओर नित्यानंद आश्रम में पूजन किया- नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने क्षेत्र के प्राचीन चमत्कारी बलवारी हनुमानजी पूजन कर दर्शन लाभ लिया साथ ही गंधवानी स्थित नित्यानंद आश्रम पहुँचकर गुरुवंदन,किया।

एक नजर ▶ नई दिल्ली की प्रमुख विकास आयुक्त अमृतराज ने बैंगलौर में शिल्प गुरू मोहम्मद युसूफ खत्री से मुलाकात की

## विकास आयुक्त अमृत राज ने बैंगलोर हस्तशिल्प प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**बाग कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), नई दिल्ली की प्रमुख विकास आयुक्त श्रीमती अमृत राज ने हाल ही में बैंगलोर में मीरास फाउंडेशन द्वारा आयोजित विशेष हस्तशिल्प प्रदर्शनी का दौरा किया। इस भ्रमण के दौरान उन्होंने देश के विभिन्न कोनों से आए मास्टर शिल्पकारों की कला का अवलोकन किया और उनकी उत्कृष्ट कारीगरी की सराहना की।**





प्रदर्शनी के दौरान एक महत्वपूर्ण पड़ाव मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध %बाग प्रिंट% कला का स्टाल रहा। श्रीमती अमृत राज ने बाग प्रिंट के विश्वविख्यात कलाकार, शिल्प गुरु मोहम्मद युसूफ़ खत्री से मुलाकात की। उन्होंने खत्री जी द्वारा तैयार किए गए अद्भुत नमूनों को न केवल बारीकी से देखा, बल्कि उनकी कलात्मक निपुणता की भूरि-भूरि प्रशंसा भी की।

हस्तशिल्प के भविष्य पर मंथन॒

मुलाकात के दौरान, विकास आयुक्त और शिल्प गुरु युसूफ़ खत्री के बीच भारतीय हस्तशिल्प के विकास, कलाकारों के उत्थान और वैश्विक स्तर पर बाग प्रिंट की पहचान को और सुदृढ़ करने के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। श्रीमती अमृत राज ने हस्तशिल्प क्षेत्र में आ रहे नवाचारों और शिल्पकारों की समस्याओं को समझते हुए विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर श्रीमती अमृत राज ने कहा कि शिल्प गुरु मोहम्मद युसूफ़ खत्री जैसे समर्पित कलाकार हमारी सांस्कृतिक विरासत के सच्चे रक्षक हैं।

प्रदर्शनी में शिल्पकार मोहम्मद काज़िम खत्री के डिज़ाइनर उत्पादों का विशेष आकर्षण रहा। उनके अटूट परिश्रम और कलात्मक कौशल का ही परिणाम था कि बाग प्रिंट की कोसा साड़ी, सिल्क साड़ी, सूट और स्टॉल का एक नायाब कलेक्शन दर्शकों के लिए शोकेस किया गया।

मीरास फाउंडेशन की संस्थापिका लिसा पिंगले के अथक प्रयासों और मार्गदर्शन में इस प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। बेंगलोर के फ्रीडम पार्क में आयोजित यह भव्य प्रदर्शनी 21 जनवरी से 25 जनवरी तक चली।